खास-खबरें

तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्करःफिर गड्ढे में पलटा, एक घायल

नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः शहर में भोपाल-इंदौर मुख्य मार्ग पर शनिवार दोपहर सड़क हादसा हो गया। कुबेरेश्वर धाम के पास तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर सामने चल रही कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक सड़क किनारे बने गड्ढे में पलट गया। इस दुर्घटना में कार-ट्रक दोनों को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं, हादसे के दौरान एक व्यक्ति के घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और राहगीर मौके पर इक्ट्ठा हो गए। जिससे मार्ग पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि ट्रक गड्ढे में पलटने के बजाय सड़क पर पलटता, तो जनहानि और भी बड़ी हो सकती थी। हादसे के बाद मौके पर यातायात भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों को तुरंत चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

जय स्तंभ चौराहे पर मजदूरों के लिए बने प्रतीक्षालय

नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः नगर के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल जय स्तंभ चौराहे पर रोज सुबह बड़ी संख्या में मजदूर काम की तलाश में एकत्र होते हैं। सुबह 7:30 से 9:30 बजे तक यहां मजदूरों की भीड़ रहती है। चौराहे से गुजरने वाले वाहनों और मजदूरों की मौजूदगी के कारण कई बार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जय स्तंभ चौराहे से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले वाहनों के साथ उदयपुर की पत्थर खदानों में जाने वाले वाहन भी गुजरते हैं। इसके अलावा कृषि उपज मंडी के लिए ट्रालियों की आवाजाही भी होती है। सुबह के समय यातायात का दबाव अधिक रहने से वाहन चालकों को निकलने में परेशानी होती है। वहीं, काम की तलाश में खड़े मजदूरों को भी सुरक्षित स्थान नहीं मिल पाता। स्थानीय स्तर पर यह मांग उठ रही है कि मजदूरों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चौराहे के आसपास उपयुक्त स्थान पर टीन शेड बनाकर प्रतीक्षालय तैयार किया जाए। इससे मजदूर व्यवस्थित तरीके से अपने काम की प्रतीक्षा कर सकेंगे और मुख्य चौराहे पर अनावश्यक भीड़ भी कम हो सकेगी।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत उद्यम संवाद संपन्न

नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा : मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत सामुदायिक भवन, गुलरखेड़ी, विकासखंड ग्यारसपुर में उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, जिला वनमंडल अधिकारी हेमन्त यादव, राकेश कटारे, छत्रपाल शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक मुकेश टंडन एवं कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने योजना हितग्राहियों से संवाद कर उनके व्यवसाय, स्वरोजगार से प्राप्त आय तथा योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी ली। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जुड़ी शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए उन्हें रोजगार मांगने वाले के स्थान पर रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना है।

रायसेन के 111 श्रद्धालु श्रवणबेलगोला तीर्थ यात्रा पर रवाना

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले के 111 श्रद्धालु शनिवार को भोपाल रेलवे स्टेशन से जैन तीर्थ स्थल श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) के लिए रवाना हुए। यात्रा 24 से 29 अक्टूबर तक आयोजित होगी। सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी और पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने यात्रियों का तिलक लगाकर व फूल-मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने यात्रा किट भेंट कर सुखद और सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

13 लाख लीटर क्षमता की टंकी में 16 लाख लीटर पानी भरने का आरोप, ट्रायल में रिसाव

नगर पालिका ने ऑपरेटरों के समन्वय में चूक बताई

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः शहर के गंज दशहरा मैदान के पास नवनिर्मित पानी की टंकी जलापूर्ति शुरू होने से पहले ही विवादों में आ गई है। शनिवार को ट्रायल के दौरान टंकी में पानी भरने पर कई जगह रिसाव और ओवरफ्लो की स्थिति सामने आई। कांग्रेस नेताओं ने टंकी की निर्माण गुणवत्ता, तकनीकी निगरानी और अधिकारियों की जवाबदेही पर सवाल उठाए हैं। वहीं, नगर पालिका के सहायक यंत्री विजय कोली ने इसे ऑपरेटरों के बीच समन्वय की कमी से हुई चूक बताया है।

ट्रायल में सामने आया रिसावः ज दशहरा मैदान के समीप बनी इस टंकी का शुभारंभ 20 जून को किया गया था। शनिवार को इससे जलापूर्ति शुरू करने की तैयारी थी। इसके पहले परीक्षण के लिए टंकी में पानी भरा गया, लेकिन इसी दौरान कई जगह से रिसाव होने लगा और पानी ओवरफ्लो की स्थिति बन गई। इससे टंकी के निर्माण और संचालन को लेकर सवाल उठने लगे। जिस परियोजना से क्षेत्र में बेहतर जलापूर्ति की उम्मीद थी, उसके पहले ट्रायल में ही खामियां सामने आने से नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए।

नगर पालिका ने बताई समन्वय की कमीः नगर पालिका के सहायक यंत्री विजय कोली ने बताया कि ऑपरेटरों के बीच समन्वय की कमी के कारण टंकी में जरूरत से ज्यादा पानी भर गया, जिससे ओवरफ्लो हुआ और कुछ जगह हल्का रिसाव दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि टंकी की डिजाइन क्षमता 13 लाख लीटर है, लेकिन संरचना अतिरिक्त पानी के भराव को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। उनके अनुसार, इससे टंकी की संरचना को कोई खतरा नहीं है।

कोली ने बताया कि नई टंकियों में शुरुआती दौर में हल्का सीपेज दिखाई दे सकता है। नगर पालिका की ओर से रिसाव वाले हिस्सों की मरम्मत कराई जा रही है और इसे जल्द बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, रिसाव के कारण, वास्तविक भराव और सुरक्षा मानकों की तकनीकी जांच को लेकर सवाल बने हुए हैं। अब देखना होगा कि नगर पालिका इन बिंदुओं की जांच कर जवाबदेही तय करती है या मामला मरम्मत के आश्वासन तक सीमित रहता है।

13 लाख की क्षमता, 16 लाख लीटर भरने पर सवाल

कांग्रेस नेता विवेक राठौर और रामप्रकाश चौधरी ने आरोप लगाया कि टंकी की डिजाइन क्षमता 13 लाख लीटर बताई गई है, जबकि इसमें 16 लाख लीटर तक पानी भर दिया गया। रामप्रकाश चौधरी ने सवाल उठाया कि निर्धारित क्षमता से अधिक पानी भरने की जरूरत और अनुमति किस आधार पर दी गई। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, ठेकेदार की भूमिका और नगर पालिका के तकनीकी अमले की निगरानी की जांच कराने की मांग की। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जनता के पैसे से बनी संरचना के मामले में केवल आश्वासन देना पर्याप्त नहीं है। टंकी की स्वीकृत क्षमता, वास्तविक भराव और सुरक्षा मानकों के पालन से जुड़े तथ्यों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

वाहन चेकिंग अभियान में 21 पर कार्रवाई 75 हजार रुपए शमन शुल्क वसूला

नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा द्वारा सागर रोड, ग्यारसपुर एवं त्यौदा में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जाँच में नियम विरुद्ध संचालित पाए गए 21 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इनमें से 9 वाहनों से 75 हजार रु. का शमन शुल्क वसूल किया गया। शेष वाहनों के प्रकरणों के निराकरण की कार्रवाई के लिए उन्हें जब्त कर सुरक्षित रखा गया है। जब्त वाहनों के प्रकरणों के निराकरण से लगभग 2 लाख रु. का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।

चेकिंग अभियान के दौरान विशेष रूप से स्कूल बसों में निर्धारित सुरक्षा मानकों के पालन की जांच की गई। इसके साथ ही सड़क निर्माण कार्य में संलग्न भारवाही वाहनों एवं जेसीबी मशीनों की भी जाँच की गई, ताकि वाहनों का संचालन निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जा सके।

शुक्रवार को ग्यारसपुर रोड पर भी नियम विरुद्ध संचालित पाए गए 4 वाहनों को जब्त किया गया था। इन वाहनों से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के उपरांत 73 हजार 500 रु. का शमन शुल्क वसूल किया गया था।

पटाखा व्यापारियों को सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश

नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः दीपावली पर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से शनिवार को शाजापुर में पटाखा व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय दंडाधिकारी मनीषा वास्कले की अध्यक्षता में हुई बैठक में पटाखों की बिक्री, भंडारण और सुरक्षा मानकों से जुड़े नियमों की जानकारी दी गई।

एसडीएम ने व्यापारियों को निर्देश दिए कि वे प्रशासन द्वारा चयनित और आवंटित सुरक्षित स्थलों पर ही पटाखों की दुकानें लगाएं। रिहायशी क्षेत्रों, व्यस्त बाजारों और सड़क किनारे बिना अनुमति अस्थायी दुकानें लगाना प्रतिबंधित रहेगा। दुकानों का निर्माण निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार टीन शेड से करना होगा।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि पटाखा दुकानों में ज्वलनशील कपड़े, प्लास्टिक या आग पकड़ने वाली अन्य सामग्री का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

एसडीएम ने कहा कि केवल वैध लाइसेंसधारी व्यापारी ही पटाखों की दुकान संचालित कर सकेंगे। बिना वैध अनुज्ञप्ति के आतिशबाजी का क्रय-विक्रय करने या पटाखों का अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने व्यापारियों से सभी सुरक्षा नियमों का पालन करने और निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप कारोबार करने की अपील की।

कुबेरेश्वरधाम में आज मनेगा शरद पूर्णिमा महोत्सव

सीहोर। जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित श्री मुरली मनोहर मंदिर, कुबेरेश्वरधाम में आज रविवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में विठलेश सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में भगवान श्री मुरली मनोहर का दिव्य श्रृंगार, चंद्र दर्शन, राधा नाम संकीर्तन और डांडिया महोत्सव विशेष आकर्षण रहेंगे। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। महोत्सव के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से रात्रि 11 बजे तक व्यवस्था रहेगी। मंदिर में भगवान शिव के चंद्रमौली स्वरूप, प्रभु श्रीरामचंद्र और भगवान श्रीकृष्णचंद्र के दिव्य स्वरूपों की झलक विशेष श्रृंगार के माध्यम से एक साथ देखने को मिलेगी। यह दिव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

नर्मदा में अवैध रेत उत्खनन पर दूसरे दिन भी कार्रवाई, पनडुब्बी मशीन और लोडर जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरुंदाः सीहोर जिले में नर्मदा नदी से अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार को खनिज विभाग की टीम ने भैरुंदा तहसील के ग्राम चौरसाखेड़ी स्थित रेत घाट पर दबिश दी। इस दौरान रेत निकालने में इस्तेमाल की जा रही एक पनडुब्बी मशीन और एक लोडर जब्त किया गया। दोनों को सुरक्षा की दृष्टि से भैरुंदा थाने में रखवाया गया है।

खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे के अनुसार, टीम ने चौरसाखेड़ी रेत घाट पर नर्मदा नदी में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रेत निकालने में इस्तेमाल हो रही पनडुब्बी मशीन जब्त की। इसके अलावा मंडी क्षेत्र से एक लोडर भी जब्त किया गया। कार्रवाई के बाद दोनों मशीनों को थाने पहुंचाकर सुरक्षित रखवाया गया।

नर्मदा घाटों पर निगरानी बढ़ाई

खनिज विभाग की टीम जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ भैरुंदा तहसील के नर्मदा घाटों पर भी लगातार निगरानी रख रही है। अवैध रेत उत्खनन की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए घाटों का निरीक्षण किया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित उपकरणों को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

लगातार दूसरे दिन हुई कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध उत्खनन के खिलाफ विभाग की सक्रियता सामने आई है। नदी से रेत निकालने में इस्तेमाल होने वाली मशीनों पर निगरानी बढ़ाकर अवैध गतिविधियों को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

आगे भी जारी रहेगा अभियानः खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे ने बताया कि जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। भैरुंदा क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। विभाग की टीम नियमित रूप से निरीक्षण करेगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चार महीने से मानदेय नहीं मिला, मंगलवार से मध्यान्ह भोजन बनाना बंद करने की चेतावनी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरुंदाः स्कूलों और आंगनवाड़ियों में बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाली स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को चार महीने से मानदेय नहीं मिला है। भुगतान अटकने और दुकानदारों द्वारा उधार में राशन, दूध व सब्जियां देना बंद करने से उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। शनिवार को अपनी मांगों को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचीं महिलाओं को चार घंटे इंतजार के बाद भी अधिकारी नहीं मिले। नाराज महिलाओं ने चेतावनी दी है कि मंगलवार तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो वे मध्यान्ह भोजन बनाना बंद कर प्रदर्शन करेंगी।

चार घंटे इंतजार के बाद लौटीं महिलाएंः महिलाएं शनिवार दोपहर करीब 12 बजे किराए के वाहनों से तहसील कार्यालय पहुंची थीं। वे चार महीने का बकाया मानदेय दिलाने और मध्यान्ह भोजन के लिए पर्याप्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपना चाहती थीं। उनका आरोप है कि करीब चार घंटे तक इंतजार करने के बावजूद कोई अधिकारी उनकी समस्या सुनने नहीं पहुंचा। इसके बाद उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा।

दुकानदारों ने भी उधार देना बंद कियाः ग्राम सिराली की स्व-सहायता समूह सदस्य जस्मा बाई और राधल बाई ने बताया कि चार महीने से मानदेय नहीं मिलने के कारण घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। पहले वे दुकानदारों से उधार में राशन, दूध और सब्जियां लेकर बच्चों के लिए भोजन तैयार करती थीं, लेकिन अब दुकानदारों ने भी उधार देना बंद कर दिया है। पहले से लिया गया उधार चुकाने की चिंता भी बनी हुई है। महिलाओं का कहना है कि वे आर्थिक परेशानियों के बावजूद बच्चों के लिए नियमित भोजन तैयार करने की जिम्मेदारी निभा रही हैं, लेकिन भुगतान नहीं मिलने और खाद्यान्न की समस्या के कारण काम जारी रखना कठिन हो गया है।

मंगलवार से भोजन बंद करने की चेतावनीः महिलाओं ने प्रशासन से चार महीने का लंबित मानदेय जल्द जारी करने और मध्यान्ह भोजन के लिए जरूरी खाद्यान्न समय पर उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि मंगलवार तक मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो स्कूलों और आंगनवाड़ियों में भोजन बनाना बंद कर देंगी। साथ ही तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करेंगी और प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगी।

पूर्व सूचना नहीं थी : एसडीएम भैरुंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि स्व-सहायता समूह की महिलाओं की ओर से ज्ञापन देने आने की पूर्व सूचना नहीं दी गई थी।

स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन हेतु विशेष शिविर आज से

विदिशा। अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन वर्ष 2026 योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संपूर्ण मध्यप्रदेश के साथ विदिशा जिले में भी आज 25 अक्टूबर से एक सप्ताह का विशेष गहन शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन की प्रक्रिया को गति देते हुए निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

शासन के निर्देशानुसार स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के निष्पादन के लिए पटवारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पंचायत समन्वयक अधिकारी एवं सहायक विकास विस्तार अधिकारी पंजीयन अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

विशेष शिविर के दौरान संबंधित ग्रामों के पटवारी सारा एप के माध्यम से स्वामित्व अधिकार अभिलेख धारक भू-स्वामियों की ओर से आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। इसके बाद आवेदन का सत्यापन कर उसे पंजीयन अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा।

रक्तदान शिविर में जैन परिवार ने किया रक्तदान, पेश की मिसाल

शिविर में 120 यूनिट रक्त संग्रहित

नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः स्वर्गीय जितेंद्र राठी की 11वीं पुण्यतिथि पर गुरुकुल द एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में श्रृंगार ज्वैलर्स के संचालक अवनीत कुमार जैन और विनीत कुमार जैन ने अपने परिवार के साथ रक्तदान कर समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया। इस पहल में परिवार की बेटी, बेटा और भाई ने भी सहभागिता निभाई।

जैन परिवार ने सपरिवार रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी इस पहल ने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक होने और जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए आगे आने का संदेश दिया।

आयोजित शिविर में कुल 120 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इसमें महिलाओं ने 30 यूनिट और पुरुषों ने 90 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों की टीमों ने सेवाएं देकर रक्त संग्रहण की प्रक्रिया में सहयोग किया।

इस अवसर पर रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया गया कि रक्त की आवश्यकता दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों और अन्य चिकित्सकीय परिस्थितियों में पड़ सकती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है।

जैन परिवार की सामूहिक भागीदारी ने यह संदेश दिया कि रक्तदान केवल व्यक्तिगत पहल नहीं, बल्कि परिवार और समाज के साथ मिलकर निभाई जाने वाली मानवीय जिम्मेदारी भी है। शिविर में 120 यूनिट रक्त का संग्रह जरूरतमंदों की सहायता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

फटी वर्दी में नहीं करेंगे हम काम बैंक खातों में करो पूरा भुगतान

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः कोटवारो ने फटी वर्दी पहनकर काम करने से साफ इंकार कर दिया है। कोटवारों की हड़ताल का असर राजस्व के कामों में दिखाई दे रहा है।

कोटवार तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के पास प्रदर्शन कर रहे हैं। कोटवार सेवाभूमि का मालिक बनाने, सरकारी कर्मचारी घोषित करने और वर्दी की राशि बैंक खाते में ही देने की मांग सरकार से कर रहे हैं। हड़ताल शनिवार को भी जारी रही । सभी गांव के प्रमुख ग्राम चौकीदार कोटवार हड़ताल में शामिल रहे।

इधर कोटवारों की हड़ताल से किसानों के सीमांकन बटवारा कब्जा दिलाने जैसी कार्यवाहियों के साथ कोटवारों के माध्यम से किसानों को भेजे जाने वाली सूचनाओं का आदान-प्रदान भी बंद हो गया है। ग्राम कोटवार के बिना तहसीलदार,आरआई, पटवारी कोई भी राजस्व विभाग का जमीनी काम नहीं कर पा रहे हैं जिस कारण किसानों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूरे प्रदेश में कोटवारों के द्वारा की जा रही हड़ताल के तहत सीहोर जिले के कोटवार भी 28 अक्टूबर तक हड़ताल पर बैठ गए हैं। संघ के जिला अध्यक्ष छगनलाल मालवीय ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री और पूर्व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोटवारों को पुलिस की तरह खाकी वर्दी उपलब्ध कराई थी लेकिन उनके केन्द्र में जाने के बाद वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

आज शरद पूर्णिमा महोत्सव, रात 8 बजे से होगी भजन संध्या

गंजबासौदा। राष्ट्र शक्ति मंच, गंजबासौदा द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर 25 अक्टूबर को भव्य शरद पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। नेहरू चौक स्थित मेन चौराहे पर होने वाले इस कार्यक्रम में भजन संध्या और बुंदेली गायकी की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में बुंदेली गायक संदीप राजा, गायक अनिल झा और गायिका पूजा दांगी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। भजन संध्या रात 8 बजे से शुरू होगी। इसमें धार्मिक भजनों के साथ बुंदेली गायकी का रंग भी देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण की व्यवस्था भी की गई है। राष्ट्र शक्ति मंच के संस्थापक अध्यक्ष सुजीत सराठे ने क्षेत्रवासियों से महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

स्पेशल खबर वित्तीय अनियमितताओं, लंबित पारिश्रमिक और महिला फैकल्टी से जुड़े आरोपों की जांच की मांग

पॉलीटेक्निक कॉलेज की व्यवस्थाओं पर उठे सवाल, एसडीएम ने जारी किया नोटिस

नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः समनापुर स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कथित वित्तीय अनियमितताओं, लंबित पारिश्रमिक और महिला फैकल्टी से जुड़े आरोपों को लेकर विवाद गहरा गया है। कॉलेज के कुछ कर्मचारियों ने विभिन्न मामलों में शिकायतें दर्ज कराते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है। आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि वर्ष 2017 से परीक्षा ड्यूटी और प्रायोगिक परीक्षाओं का पारिश्रमिक लंबित है। इसके अलावा सार्थक पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करने और वेतन भुगतान की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की गई है। इन मामलों में अतिथि व्याख्याता मोनू सरवर ने अनुविभागीय अधिकारी बरेली को शिकायत आवेदन दिया है।

महिला फैकल्टी ने की कार्रवाई की मांगः महिला फैकल्टी सदस्य शर्मिला भार्गव, नेहा माहेश्वरी, प्रीति मालपानी (मीणा), मोनू सरवर और आरती मीणा ने प्राचार्य को लिखित शिकायत दी है। शिकायत में आरोप लगाया

गया है कि चंदन ने बिना पूर्व सूचना वीडियो कॉल पर महिला फैकल्टी को दिखाया। शिकायतकर्ताओं ने मामले की जांच कर संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

आरटीआई के जवाब पर उठाए सवालः आवेदक आदित्य कौरव ने 9 अप्रैल 2026 को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत वर्ष 2017 से अब तक प्राप्त फंड, उसके उपयोग, बिल-वाउचर, अतिथि व्याख्याताओं की उपस्थिति, अटेंडेंस रजिस्टर और वेतन प्रस्तावों की जानकारी मांगी थी। आरोप है कि 12 मई 2026 को मिले जवाब में कई बिंदुओं पर जानकारी उपलब्ध नहीं होने या संबंधित अभिलेख संधारित नहीं होने की बात कही गई। इस संबंध में तकनीकी शिक्षा आयुक्त, भोपाल को भी जवाब की प्रति भेजी गई।

सुधार नहीं होने पर दोबारा नोटिसः अनुविभागीय अधिकारी बरेली अंकित जैन ने बताया कि पॉलीटेक्निक कॉलेज में कथित अनियमितताओं को लेकर शिकायत आवेदन प्राप्त हुए थे। इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य को नोटिस जारी किया गया था, जिसका लिखित जवाब मिल चुका है। उन्होंने कहा कि समय रहते अनियमितताओं में सुधार नहीं होने पर दोबारा नोटिस जारी किया जाएगा।

प्राचार्य ने आरोपों से किया इनकारः महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक शाक्यवार ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि कॉलेज में ऐसा कोई मामला नहीं है। उन्होंने बताया कि स्टाफ को समय पर आने और निर्धारित समय पर कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए थे। उनके अनुसार, इससे असंतुष्ट होकर कर्मचारियों ने शिकायतें की हैं। शिकायतकर्ताओं ने सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कराने और महाविद्यालय में पारदर्शी व सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की है।